Yards have no capacity to build aircraft.

(b) No, Sir.

(c) The Navy have no plans to equip the Indian Air Force to carry newly purchased strike aircraft.

शक्तिमान गाड़ियों के फालतू पुर्जों का निर्माण करने वाली फर्में

7131. **श्री निहाल सिंह :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने शक्तिमान गाड़ियों के लिए निर्मित/निर्माणाधीन 51 लाख रुपये मूल्य के फालतू पुर्जों को रद्द कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इतनी भारी संख्या में फालतू पुर्जों को रद्द किए जाने के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. पी. एन. सिंह): (क) और (ख). माननीय सदस्य सम्भवत: शक्तिमान गाड़ियों के उत्पादन के लिए 30.81 लाख रुपये के मूल्यों के कतिपय निर्मित और अर्द्ध-निर्मित पुर्जों को रद्द करने का उल्लेख कर रहे हैं । इस मामले में जो तथ्य दिए गए हैं उनके आधार पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने अपनी 1978-79 की रिपोर्ट का लेखा परीक्षा पैरा (पैरा 12) तैयार किया है । इस लेखा परीक्षा पैरे में उठाए गए तथ्यों की तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से जांच की जा रही है ताकि लोक लेखा समिति को स्थिति स्पष्ट की जा सके ।

पूर्वोत्तर राज्यों में भारत विरोधी कार्यों में संलग्न मिशनरियां

7132. श्री मुंदर शर्मा:

श्री हरि कृष्ण शास्त्री:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्वी राज्यों में भारत विरोधी कार्यों में ईसाई मिशनरियों के संलग्न होने के सबूत पाए गए हैं;

(ख) क्या आरोप की पूरी जांच की गई है; यदि हां, तो उसके तथ्य क्या हैं; और

(ग) क्या एम. आर. ए. की गतिविधियों की भी जांच की गई है, यदि हां, तो उसके तथ्य क्या हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा): (क) से (ग). 16 जुलाई, 1980 को तारांकित प्रश्न संख्या 566 के उत्तर में जैसा बताया गया था, पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार कुछ विदेशी मिशनरियां और समाज कल्याण संगठन एक पृथक झारखण्ड राज्य के लिए आन्दोलन में और स्थानीय विवादों पर आदिवासियों को उकसाने के लिए संगठित करने में सहायता करते रहे हैं । अतः राज्य सरकार ने सभी ऐसे संगठनों को सलाह दी है कि मिदनापुर, पुर्लिया और बंकुड़ा जिलों की आदिवासी पट्टी में कोई नया कार्यक्रम हाथ में न लें । उन्हें यह भी सलाह दी गई है कि राज्य सरकार जैसे ही उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं को अपने हाथ में ले ले, वे इन क्षेत्रों से पूरी तरह निकलने के लिए तैयार रहें ।

त्रिपुरा सरकार के अनुसार कुछ मिशनरी संगठनों पर उग्रपंथी आदिवासी तत्वों को प्रोत्साहन देने का संदेह है ।

अन्य स्थानों पर भी सामान्य किस्म के आरोप समय-समय पर लगाये गये हैं परन्तु किसी व्यक्ति के विरुद्ध हाल में कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

एम. आर. ए. की किसी ऐसी गतिविधि के बारे में हाल में कोई रिपोर्ट नहीं है । परन्तु यदि कोई प्रतिकूल बात ध्यान में आती है, तो सरकार उचित कार्रवाई के लिए स्थिति पर निगरानी रखे हुए है ।

Use of Foreign Money in Eastern India

7133. SHRI BRAJI MOHAN MOHANTY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to disclosures of Chief Ministers of Bengal and Tripura as to passing of foreign money through Christian Missionaries and being used in separatist movements in Eastern India;

(b) whether Government have any information that foreign money coming is penetrating into India through church organisations; and